**F. No.1-01/2026/1- Exam/111**
कार्यालय/ **Office**
लाल बहादुर शास्त्री पराचिकित्सीय कौशल एवं प्रशिक्षण परिषद
**Lal Bahadur Shastri Paramedical Skill and Training Council**
संगणक विभाग/ **Comupter Department**
वेबसाइट / **www.lbspstc.com**
**********

चतुर्थ तल, प्राइम प्लाजा, इन्दिरा नगर
लखनऊ 226001
**4th Floor Prime Plaza, Indira Nagar,**
**Lucknow 226001**
दिनांक / **Dated: 02.01.2026**

सेवा में,

प्रधानाचार्य/निदेशक
सृष्टि पैरामेडिकल कॉलेज
बिधुना, औरैया उत्तर प्रदेश।

**विषय : द्वितीय वर्ष एवं प्रथम वर्ष के छात्रों की सूची एवं परीक्षा शुल्क न दिए जाने के कारण दिनांक 05 जनवरी 2026 को आयोजित प्रायोगात्मक (Practical) परीक्षा में किसी भी छात्र को सम्मिलित न किए जाने के संवंध में।**

महोदय / महोदया,

परिषद के अभिलेखों के अवलोकन से यह तथ्य स्पष्ट रूप से संज्ञान में आया है कि **आपके कॉलेज द्वारा न तो प्रथम वर्ष एवं न ही द्वितीय वर्ष के किसी भी छात्र की सूची (नामावली/संलग्न सूची) परिषद को प्रेषित की गई है**, और **न ही प्रथम वर्ष अथवा द्वितीय वर्ष के किसी भी छात्र का निर्धारित परीक्षा शुल्क परिषद के खाते में जमा कराया गया है**। यह स्थिति परिषद के परीक्षा नियमों, उपनियमों एवं संबद्धता शर्तों का गंभीर उल्लंघन है।

अतः आपको यह **स्पष्ट, अंतिम एवं लिखित रूप से सूचित** किया जाता है कि—

1. दिनांक **05 जनवरी 2026** से आयोजित की जा रही **प्रायोगात्मक (Practical) परीक्षाओं में आपके कॉलेज के किसी भी छात्र (प्रथम वर्ष अथवा द्वितीय वर्ष)** को सम्मिलित **नहीं किया जा सकता**।

2. सूची एवं शुल्क के अभाव में यदि किसी भी छात्र को प्रायोगात्मक परीक्षा में सम्मिलित किया जाता है, तो ऐसी परीक्षा को **पूर्णतः अनधिकृत, शून्य, अवैध एवं परिषद द्वारा अमान्य** माना जाएगा।

सचिव / Secretary
लाल बहादुर शास्त्री पराचिकित्सीय
कौशल एवं प्रशिक्षण परिषद
Lal Bahadur Shastri Paramedical
Skill and Training Council

3. परिषद द्वारा यह भी स्पष्ट किया जाता है कि **बिना विधिवत छात्र-सूची एवं शुल्क भुगतान के किसी भी छात्र का नाम परीक्षा अभिलेखों में जोड़ा जाना संभव नहीं है**, न ही परीक्षा के दिन किसी भी स्तर पर कोई छात्र "Add / Adjust / Allow" किया जाएगा।

4. इस आदेश की अवहेलना की स्थिति में परिषद को यह अधिकार सुरक्षित रहेगा कि वह संबंधित कॉलेज के विरुद्ध **परीक्षा निरस्तीकरण, परिणाम अमान्य घोषित करने, संबद्धता पर प्रतिकूल कार्यवाही तथा विधिक कार्रवाई** प्रारंभ करे, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी कॉलेज प्रबंधन की होगी।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि इस आदेश का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करें एवं परिषद के साथ किसी भी प्रकार का विवाद उत्पन्न न करें।

**प्रतिलिपि सूचना हेतु :**

1. **अध्यक्ष महोदय,** लाल बहादुर शास्त्री पैरामेडिकल स्किल एंड ट्रेनिंग काउंसिल, नई दिल्ली — सूचनार्थ।
2. **सचिव,** लाल बहादुर शास्त्री पैरामेडिकल स्किल एंड ट्रेनिंग काउंसिल — आवश्यक कार्यवाही हेतु।
3. **परीक्षा विभाग / शैक्षणिक प्रकोष्ठ** — अभिलेख एवं अनुपालन हेतु।
4. **आई.टी. प्रकोष्ठ** — परिषद की वेबसाइट / पोर्टल पर अपलोड हेतु।
5. **परिषद के समस्त क्षेत्रीय / जोनल कार्यालय** — सूचनार्थ एवं अनुश्रवण हेतु।
6. **कार्यालय अभिलेख।**

डॉ आकाश शर्मा
परीक्षा नियंत्रक
लाल बहादुर शास्त्री पराचिकित्सीय कौशल एवं प्रशिक्षण परिषद

सचिव / Secretary
लाल बहादुर शास्त्री पराचिकित्सीय कौशल एवं प्रशिक्षण परिषद
Lal Bahadur Shastri Paramedical Skill and Training Council